PROUD MOMENT FOR SPSEC
UDIT NARAYAN PANDEY CLEARED JEE ADVANCED 2019 WITH AIR 1322

जेईई एडवांस 2019

732 कनपुरियों ने पाई सफलता

पिछली बार भी 732 विद्यार्थी हुए थे सफल, इस बार सफल छात्राओं की संख्या बढ़ी

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) एडवांस 2019 के रिजल्ट में शहर का ग्राफ पिछले बार की तुलना में स्थिर बना हुआ है। मतलब पिछली बार की तरह इस बार भी 732 छात्रों ने ही सफलता हासिल की है। सामान्य वर्ग की रैंकिंग में भी जबरदस्त गिरावट दिखी है। इस बार टॉप-200 में शहर के दो छात्र शामिल हैं जबकि इसके बाद सीधे 993 रैंक शहर के छात्र को मिली है। एससी पीएच कैटेगरी में कानपुर के आर्यन कुमार ऑल इंडिया टॉपर हैं।

जेईई एडवांस की परीक्षा 27 मई को शहर के आठ केंद्रों पर हुई थी। इसमें पंजीकृत कुल छात्रों की संख्या 3024 रही जिसमें कुल 732 छात्रों ने सफलता हासिल की। पिछली बार की अपेक्षा दस छात्राओं ने अधिक सफलता हासिल की है। इस बार कुल 652 छात्रों और 80 छात्राओं ने सफलता हासिल की है। पिछली बार 662 लड़के और 70 लड़कियों ने सफलता पाई थी। 2017 में करीब 917 छात्रों ने सफलता हासिल की थी। हालांकि इसमें भी किसी ने टॉप-100 में जगह नहीं बनाई थी।

3024 कुल परीक्षार्थी

732 सफल छात्रों की संख्या

652 छात्र हुए सफल 80 छात्राओं ने हासिल की सफलता

ये हैं कानपुर के टॉप 10 विद्यार्थी

छात्र	ओवरऑल रैंक
नमन गुप्ता	123
तरुण कनोडिया	194
अर्पित शुक्ला	993
आदित्य गौतम	1187
अभिषेक अग्रहरि	1219
महक गुप्ता	1268
शिवम गोयल	1317
उदित नारायण पांडेय	1322
कौस्तुभ मिश्रा	1415
शाश्वत मिश्रा	1577

अच्छी ब्रांच मिलने का इंतजार करेंगे उदित

पिता के साथ उदित।

जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 1322वीं और सिटी में आठवीं रैंक हासिल करने वाले उदित नारायण पांडेय मनमुताबिक ब्रांच मिलने का इंतजार करेंगे। उदित ने जेईई मेंस में ऑल इंडिया 765वीं रैंक हासिल की थी। मूल रूप से कानपुर देहात के रसूलाबाद के रहने वाले उदित के पिता प्रदीप पांडेय व्यापारी और मां संजू पांडेय गृहिणी हैं। उदित ने जेके सिंहानिया एजुकेशन सेंटर से 12वीं में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। कहते हैं कि अब काउंसलिंग के दौरान तय करेंगे कि किस आईआईटी में कौन सी ब्रांच से पढ़ाई करनी है। छोटी बहन कनिका पांडेय 11वीं में है।